## एक नजर में

### पॉलिटेक्निक में प्रवेश हेतु आज काउंसलिंग

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ में तकनीकी शिक्षा विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच में कुछ शेष बची सीटों में अहरकारी परीक्षा 10वीं के आधार पर प्रवेश के लिए संस्था स्तर की काउंसलिंग प्रक्रिया हेतु पंजीयन प्रारंभ हो चुके है. रजिस्ट्रेशन उपरान्त प्रवेश हेतु 08 जुलाई को छात्र-छात्राएं संस्था में स्वयं उपस्थित होकर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित जैसे 10वीं की अंकसूची, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आय प्रमाण पत्र स्थानांतरण प्रमाण पत्र सहित प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं.

### मूंग उपार्जन हेतु उपार्जन समिति गठित

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** म.प्र. शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा जारी उपार्जन नीति के अनुसार ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए समर्थन मूल्य 8,768 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है. समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन के सुचारू संचालन, पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है. गठित समिति में कलेक्टर अध्यक्ष रहेंगे. समिति में उप संचालक कृषि (सदस्य सचिव), जिला लीड बैंक अधिकारी, उप आयुक्त/सहायक आयुक्त सहकारी संस्थाएं, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी, महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड, एमपीडब्ल्यूएलसी की जिला मुख्यालय शाखा के प्रबंधक, अधीक्षक भू-अभिलेख, कृषि उपज मंडी समिति के सचिव, जिला आपूर्ति नियंत्रक/जिला आपूर्ति अधिकारी तथा नेफेड एवं एनसीसीएफ के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं.

### अभाविप का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**जीरापुर 07 जुलाई, सं.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत के अंतर्गत नगर इकाई जीरापुर द्वारा कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर एवं नवीन नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया. जिला संयोजक शुभम शर्मा एवं प्रांत सहमंत्री उमा वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे. प्रशिक्षण शिविर में संगठन की कार्यपद्धति, कार्यप्रणाली, कार्यकर्ता आचरण, कार्य विस्तार एवं विद्यार्थी परिषद की विचारधारा पर विस्तृत चर्चा की गई. जिला संयोजक शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद केवल छात्रहितों की आवाज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक सशक्त छात्र संगठन है. प्रांत सहमंत्री उमा वैष्णव ने कार्यकर्ताओं को अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भाव से करने तथा विद्यार्थी हित, समाज हित और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने की सलाह दी. इस अवसर पर नवीन नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष नारायण सिंह तोमर, नगर उपाध्यक्ष रोहित मालवीय, अविनाश व्यास, दीपक दांगी, उमा सेन एवं नगर मंत्री विशाल दांगी सह मंत्री संजय पवांर, रामेश्वर पवांर, जगदीश दांगी, देवराज दांगी, अंकित दांगी, विक्रम सोंधिया,अश्विनी दांगी, रामकेलाश दांगी, रामचंद्र, आराधना सोनी, प्रिंस दांगी, कार्यालय मंत्री गिरजा मालवीय महाविद्यालय प्रमुख लखन परमार, टीना राठौर, विद्यालय प्रमुख सुरेखा चौहान, जगदीश नागर, कार्यकारणी सदस्य ब्रज, सुनील, देवराज, विष्णु, सतनारायण, दुर्गा मालवीय को दायित्व दिया.

# अब की बार सिर्फ नैनों में बदरा छाए, बार-बार ब्रेक लगा रही बारिश



## अगले 5 दिनों तक अलर्ट, भारी बरसात के 32 जिलों में राजगढ़ का नाम शामिल

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 जुलाई, का. बारिश इस बार रूक-रूक कर हो रही है. काली घटाएं बदस्तूर छाये जा रही है लेकिन बादल है कि बरस ही नहीं रहे है. राजगढ़ में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे मौसम ने अचानक करवट ली. आसमान में काले बादल छा गए और तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई. इस दौरान तेज हवाएं भी चलीं.**

करीब आधे घंटे तक हुई बारिश के दौरान शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया। तेज हवाओं के कारण सड़कों पर निकले लोगों को परेशानी हुई. कई जगह पेड़ों की डालियां तेज हवा में हिलती नजर आईं. बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली.

### अगले पांच दिनों तक रुक-रुक कर होगी बारिश

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक जिले में रुक-रुक कर बारिश, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है.

विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की सलाह दी है. सुरक्षित स्थान पर रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने की भी अपील की गई है.

किसानों से भी मौसम पर नजर रखने को कहा गया है. विभाग ने सलाह दी है कि बिजली चमकने के दौरान खेतों या किसी भी खुले स्थान पर न रुकें.



### आर्थिक सहायता दी

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा मांगीलाल को 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदाय की गई. आवेदक के द्वारा बताया गया कि बीरम पिता मांगीलाल की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी. दुर्घटना के दौरान उपचार में काफी राशि व्यय होने से परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो गई.

# बरसात में खुली सुधार की 'सड़क और कलई'

## शहर की बदहाल सड़क : हर बरसात में घटिया निर्माण की बार-बार खुलती पोल

**करोड़ों की लागत से बनी सड़कें फिर उखड़ीं, बारिश में गड्ढों और जलभराव से आमजन व स्कूली बच्चों की बढ़ी परेशानी**

हमारे शहर की बदहाल सड़कों की ये तस्वीरें हर बार देखने को मिलती हैं...







### बारिश में फिर उजागर हुई गुणवत्ता

बरसात शुरू होते ही डामर उखड़ने लगा और कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह बह गई. जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर जमा हो रहा है, जिससे सड़क की परत और कमजोर होती जा रही है. यदि निर्माण कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप किया गया होता तो हर वर्ष मरम्मत की नौबत नहीं आती.

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 जुलाई, का. मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की गई शहर की सड़कें एक बार फिर बदहाल हो गई हैं. पिछले वर्ष इन्हीं सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद नगर पालिका ने मरम्मत और पेंचवर्क कराया था, लेकिन फिर बारिश ने निर्माण कार्य की पोल दोबारा खोल दी है. वर्तमान में जगह-जगह सड़क उखड़ गई है, बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और पानी भरने से लोगों का आवागमन जोखिम भरा हो गया है.**

शहर के खरला नाला से पाटी वाली माताजी, कॉन्वेंट स्कूल, पुराने बस स्टैंड, जल संसाधन विभाग से राजयोग मंदिर के पीछे होते हुए पुराने बस स्टैंड तथा पीडब्ल्यूडी कॉलोनी से नवीन जिला अस्पताल और राजयोग मंदिर तक की सड़कें फिर से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं. इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों लोग, स्कूली बच्चे, ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहन गुजरते हैं. गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है.

### हादसे का बना खतरा

स्कूल खुलने के बाद सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है. ऑटो रिक्शा और स्कूल वाहन गड्ढों से बचते हुए निकल रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.



नवभारत 03
भोपाल, शनिवार 02 अगस्त, 2025

अंततः करोड़ों के पैकेज की सड़कों पर पेंचवर्क शुरू हुआ

खबर का असर

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 01 अगस्त, का. जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत करोड़ों रूपए के पैकेज खर्च कर बनाई गई सड़कें कुछ महीनों भी नहीं टिक पाई. बारिश ने इन सड़कों के निर्माण कौशल और गुणवत्ता की पोल खोल दी. मामले में नवभारत द्वारा प्रमुखता से समाचार का

करोड़ों के पैकेज पर अब लाखों का पेंचवर्क

बिना योजना, तकनीकी दृष्टिकोण और

### नवभारत ने उठाया था मुद्दा

पिछले वर्ष सड़क की खराब स्थिति को लेकर नवभारत में समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका ने मरम्मत कराई थी. कुछ समय तक स्थिति सामान्य रही, लेकिन इस वर्ष बारिश शुरू होते ही वही हालात फिर सामने आ गए. इससे मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं.

सड़क चौड़ीकरण कार्य अभी परफॉर्मेंस गारंटी अवधि में है. संबंधित ठेकेदार को सड़क की मरम्मत कराकर उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए जाएंगे.

**पवन अवस्थी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, राजगढ़**



# बारिश की कामना लेकर मां के दरबार में पहुंचीं मातृशक्तियां

## आशारेटा से मां बिजासन धाम 23 किलोमीटर तक गूंजे जयकारे

नवभारत न्यूज

**पडाना 07 जुलाई, सं. गांव की सुख-समृद्धि, प्राकृतिक आपदाओं से बचाव और क्षेत्र में मूसलाधार बारिश की प्रार्थना को लेकर मंगलवार को समीपस्थ ग्राम आशारेटा से मातृशक्तियों का अद्भुत नजारा देखने को मिला.**

गांव से अलग-अलग टीमों में शामिल 150 से अधिक महिलाओं का जत्था 23 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर क्षेत्र के प्रसिद्ध मां बिजासन धाम भैंसवा माताजी पहुंचा.

आशारेटा से सुबह आस्था का रूप लेता कारवां पडाना, तुकोगंज, गुलावता, पिपलिया पाल, पाटड़िया, डाबी और कलाली पदयात्रा करते हुए मां बिजासन धाम भैंसवा माता के दरबार पहुंचा.

### माता को चढ़ाया श्रृंगार और मांगी खुशहाली

दरबार पहुंचते ही सभी महिलाओं ने माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. माता को फूलमाला, प्रसाद, चुनरी और श्रृंगार अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली की मन्नत मांगी. महिलाओं का मानना है कि माता रानी की कृपा से ही गांव में सुख-शांति आती है और अच्छी बारिश होती है. इस दौरान बुजुर्ग महिलाओं ने नई पीढ़ी को आस्था और प्रकृति से जुड़ने का संदेश भी दिया. स्थानीय लोगों के अनुसार हर साल नारी शक्ति का यह जत्था माता के दरबार पहुंचकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करता है.

# घंटों रही बिजली गुल, देर शाम बिजली कार्यालय पहुंचे लोग

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 जुलाई, का. नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित बाडिया क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई. लंबे समय तक बिजली नहीं आने से क्षेत्र के रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.**

दिनभर उपभोक्ताओं ने अलग-अलग माध्यमों से बिजली विभाग में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन देर शाम तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी. स्थानीय निवासी रामप्रसाद और पवन गुर्जर ने बताया कि लगातार शिकायतों के बावजूद बिजली नहीं आने पर रात करीब 8 बजे क्षेत्र के लोग बिजलीघर स्थित एमपीईबी कार्यालय पहुंचे. इसके बाद विभाग ने कर्मचारियों को मौके पर भेजा, लेकिन खबर लिखे जाने तक भी बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी. इस संबंध में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया. गौरतलब है कि शहर में स्थित बाडिया क्षेत्र में घंटों तक बिजली बहाल नहीं हो सकी. ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है. घंटों बिजली गुल रहने से लोगों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई.

# अभियान के तहत साइबर मैराथन दौड़

**छापीहेड़ा 07 जुलाई, सं.** मंगलवार को थाना छापीहेड़ा द्वारा सैफ़ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर मैराथन दौड़ का प्रातः 8 बजे आयोजन करवाया गया. जिसमें मंडल अध्यक्ष बद्री रजक, मंडल उपाध्यक्ष बंटी बामी, बालचंद दांगी, थाना प्रभारी छापीहेड़ा उमाशंकर मुकाती, थाना स्टॉफ, नगर पंचायत कर्मचारी, पत्रकार बंधु एवं स्कूल के शिक्षकगण एवं छात्राएं एवं अन्य नागरिकगणों ने कार्यक्रम में भाग लिया उक्त मैराथन के पूर्व सैफ क्लिक अभियान संबंधी जानकारी भी दी गई.

# छात्रों को प्रांतीय पदाधिकारियों का मार्गदर्शन मिला

**नवभारत न्यूज, पडाना 07 जुलाई, सं.** ग्राम भारती शिक्षा समिति, जिला ब्यावरा-राजगढ़ द्वारा संचालित सरस्वती शिशु उच्च विद्या मंदिर, गुलावता में प्रांतीय समिति के पदाधिकारियों का आगमन हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, प्रणव अक्षर एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर वंदना सत्र से किया गया. दीप प्रज्वलन प्रांतीय समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रांत प्रमुख चंद्रहंस पाठक एवं जिला प्रमुख अखिलेश दुबे के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ. इस अवसर पर प्राथमिक इकाई प्रमुख राधेश्याम नागर ने अतिथियों का परिचय कराया. वरिष्ठ आचार्य गोपाल राजपूत, कार्यालय प्रमुख सुनील सोमानी एवं जीवन चंद्रवंशी ने अतिथियों का तिलक लगाकर, श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया.

# शिक्षा एवं पीएम पोषण में लापरवाही पर नोटिस

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 जुलाई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शिक्षा विभाग एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना की प्रगति की समीक्षा की गई. बैठक में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी), समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी), जनशिक्षक तथा पीएम पोषण के क्वालिटी मॉनिटर उपस्थित रहे. बैठक में प्रगति पोर्टल पर दर्ज बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने निर्देश दिए कि अप्रैल एवं जून माह का खाद्यान्न उठाव शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए. सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन का सैंपल सुरक्षित रखा जाए, विद्यार्थियों को प्रतिदिन गर्म एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भोजन निर्माण के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए.

# पुलिस विभाग के सेफ क्लिक अभियान के तहत मैराथन दौड़



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 07 जुलाई, सं. पुलिस विभाग के तत्वाधान में नगर में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.**

थाना प्रभारी जीरापुर होकम चंद मीणा एवं थाना प्रभारी आदित्य सोनी माचलपुर ने प्रातः नगर के आवास कॉलोनी स्थित स्टेडियम ग्राउंड से साइबर जागरूकता मैराथन दौड़ कराई. विधायक हजारीलाल दांगी ने हरी झंडी दिखाकर युवा वर्ग एवं विधार्थियों को रवाना किया. इस दौरान विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ रामचरण किरार, भगवान सिंह तोमर बटावदा, मण्डल अध्यक्ष लखनसिंह तोमर, महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमीदार, दिनेश जमींदार, राजेश राठौर, डा. बीएल गुर्जर, सुजान गुर्जर, कमल झावा, रायल स्कूल अरविंद बंसल, सीएमओ देवनारायण दांगी, रमेशचन्द्र मालवीय, एस आई संतोष सिंह,एएसआई शिवहरे सहित अधिकारी कर्मचारी पत्रकारों की मौजूदगी में चार सौ मीटर मैराथन कराई गई. जिसमें फिजिकल एकेडमी, रॉयल हाइट्स स्कूल के विद्यार्थी सहित नगर के नागरिकों ने भाग लिया. इसके उपरांत स्टेडियम से मैराथन दौड़ नगर के इंदर चौराहा तक लगाई गई.

स्टेडियम ग्राउंड में जीरापुर फिजिकल एकेडमी के राम कैलाश दांगी के नेतृत्व में युवाओं की दौड़ लगाई गई जिसमें प्रथम सुमित मेवाड़े, द्वितीय नितेश राठौर तृतीय मुकेश दांगी आये. वही फिजिकल एकेडमी की बालिकाओं की दौड़ में प्रथम रंजना दांगी, सेकंड मंजू दांगी, थर्ड नैना दांगी आई. वही रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के बालकों की दौड़ में प्रथम भगवान दांगी, द्वितीय पियूष कलोसिया, तृतीय दक्ष गुप्ता आये. मैराथन में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया.

**समस्या** डेढ़ महीने से डॉक्टर बिन चल रही पडाना स्वास्थ्य केंद्र की गाड़ी

# प्राथमिकता में नहीं है स्वास्थ केन्द्र, वेंटीलेटर पर

**50 हजार की आबादी को इलाज देने वाला अस्पताल बिना डॉक्टरों के संचालित बारिश सिर पर है, मौसमी बीमारियों के लड़ने के लिए अस्पतालों में डॉक्टर ही मौजूद नहीं**




नवभारत न्यूज

**पडाना 07 जुलाई, सं. सरकार ने गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोल दिए है. लेकिन इन स्वास्थ्य केन्द्रों को चुस्त दुरूस्त रखाना शायद सरकार की प्राथमिकता में नहीं है. या फिर सरकार की प्राथमिकता तो है लेकिन स्थानीय जिम्मेदार उसमें रूचि नहीं लेना चाहते. ऐसी ही जिले के पडाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 10 सब सेंटरों के अंतर्गत आने वाली लगभग 45 से 50 हजार की आबादी की जिम्मेदारी है. लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि ये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुद ही वेंटिलेटर पर है.**

स्टाफ की कमी, सुरक्षा के इंतजाम नदारद और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बीच यहां मरीज इलाज के लिए दूर भटकने को मजबूर हैं. वार्ड बॉय, ड्रेसर, नर्सिंग स्टाफ, हरूसे लेकर गार्डन, बाउंड्री वॉल और सुरक्षा कैमरे तक लगभग हर जरूरी चीज की कमी है.

### इमरजेंसी हो तो शाजापुर ही जाना पड़ता है

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि आधी रात को तबियत बिगड़ जाए तो सारंगपुर शाजापुर शुजालपुर 25 से 30 किलोमीटर दूर अस्पताल दौड़ना पड़ता है. डॉक्टर ही नहीं मिलते तो इलाज कौन करेगा? स्वास्थ्य विभाग से क्षेत्रीय सरपंच महेश गुर्जर, रईस मंसूरी, महेश जाट, कपिल परमार, राकेश परमार सहित स्थानीय ग्रामीण राजेश यादव ओम परमार अजय महेश्वरी मनोज शर्मा रमेश चंद्र गुप्ता इमरान मंसूरी कमल गुर्जर फतेह सिंह राजपूत सहित अन्य ग्रामीणों की एक ही मांग है जल्द से जल्द डॉक्टर और स्टाफ की नियुक्ति कर अस्पताल को पूरी क्षमता के साथ शुरू किया जाए.

### डेढ़ महीने बाद बदली महिला डॉक्टर

पडाना अस्पताल में पिछले 8 महीने से पदस्थ महिला चिकित्सक डॉ. मुस्कान रावतिया परीक्षा के कारण पिछले डेढ़ महीने से अवकाश पर थीं. उनके न होने से प्रसव और महिला रोगियों की ओपीडी पूरी तरह प्रभावित हुई. इसी सप्ताह स्वास्थ्य विभाग ने राहत देते हुए डॉ. अभिलाषा चौधरी को पडाना में परमानेंट महिला डॉक्टर के रूप में पदस्थ किया है. वहीं दूसरी तरफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. तन्मय मोदी के स्थानांतरण देने के बाद से ये पद भी पिछले डेढ़ महीने से खाली है. जो अस्पताल की रीड की हड्डी होता है. विभाग ने उनकी जगह डॉ. शर्मा को नियुक्ति दी है, लेकिन उन्होंने अब तक जॉइनिंग नहीं की है.